संख्या-35/2016/1236 ई-2/तेरह-2016-101/2015टीसी

प्रेषक,

डा0 अशोक चन्द्र,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ::दिनांक 15 जून,2016

विषय:- वर्तमान होलोग्राम आपूर्तक का कार्यकाल दिनांक 16-9-2016 तक बढाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-जी-45/दस-लाइसेंस-294/होलोग्राम आपूर्ति/यूफ्लैक्स लि0/2016-17, दिनांक 19 मई,2016 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उक्त संदर्भित पत्र दिनांक 19 मई,2016 में किये गये अनुरोध/प्रस्ताव पर शासन द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त शासनादेश संख्या-843 ई-2/तेरह-2013-233/2000, दिनांक 15-5-2013 के क्रम में सुरक्षा होलोग्राम की आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु राजस्वहित में वर्तमान सुरक्षा होलोग्राम आपूर्तक मेसर्स यूफ्लैक्स लि0, ए-1, सेक्टर-60, नोएडा, गौतमबुद्धनगर का कार्यकाल अनुबंध पत्र में निर्धारित शर्तों, प्रतिबंधों एवं दरों पर दिनांक 16-9-2016(तीन माह) तक विस्तारित करने की एतद्द्वारा अनुमति प्रदान की जाती है।

कृपया तदनुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,
(डा0 अशोक चन्द्र)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in